

टेस्ट क्रिकेट बहुत महत्वपूर्ण है

चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले से पहले अर्जुन तेंदुलकर ने भी यॉर्कर पर ईशान को बोल्ड किया था। उन्होंने भी ऐसी एक यॉर्कर फेंकी थी जिस पर ईशान संभल नहीं पाए थे। अर्जुन की इस गेंद पर ईशान का ऑफ स्टंप उखड़ गया था। और मुकेश चौधरी की गेंद भी कुछ इसी तरह की थी। इस युवा पेसर ने टो–क्रशर गेंद फेंकी और मुंबई इंडियंस का यह ओपनर तमाम कोशिशों के बावजूद अपना बल्ला समय रहते नीचे नहीं ला पाए। वह पूरी तरह चूक गए और गेंद ने ऑफ स्टंप उखाड़ दिया। इस प्रयास में ईशान का संतुलन भी बिगड़ गया वह गिर गए।

## अर्जुन तेंदुलकर से सीख लेकर मुकेश चौधरी ने किया ईशान को बोल्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। मुंबई इंडियंस ने युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन पर बहुत अधिक भरोसा जताया था। आईपीएल 2022 के लिए हुई नीलामी में 15.25 करोड़ रुपये देकर खरीदा था। युवा बल्लेबाज ने अभी तक उम्मीदों पर कुछ हद तक ही खरा उतरा है। किशन ने आईपीएल के इस सीजन में अभी तक दो हाफ सेंचुरी लगाई हैं। हालांकि, मुंबई इंडियंस के इस बल्लेबाज ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अहम मुकाबले में कुछ खास खेल नहीं दिखाया। 21 अप्रैल को डीवाई पाटील स्टेडियम में हुए मुकाबले में किशन बुरी तरह असफल रहे।

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज से चेन्नई के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी। लेकिन वह अपनी पहली ही गेंद पर खाता खोले बिना आउट हो गए। चेन्नई सुपर किंग्स के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी ने उन्हें बोल्ड किया। यह गेंद थोड़ा लेट स्विंग हुई। आप इसे यॉर्कर से ज्यादा थोड़ा सा हाफ वॉली कह सकते हैं लेकिन स्विंग ने इसे खतरनाक बना दिया। यह पहले ओवर की पांचवीं गेंद थी।

# बल्ला हाथ में लेकर उतरना और मैच खत्म करके मैदान से बाहर आना

क्रिकेट

## तुस्सी ग्रेट हो- कप्तान रविंद्र जडेजा ने सिर झुकाया और अंबाती रायुडू ने जोड़े हाथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। महेंद्र सिंह धोनी अपने पुराने अंदाज में दिखे। वही जिसके लिए उन्हें दुनिया जानती है। बल्ला हाथ में लेकर उतरना और मैच खत्म करके मैदान से बाहर आना। इसी खूबी ने उन्हें बेस्ट फिनिशर की पहचान दिलाई। और मुंबई इंडियंस के खिलाफ आखिरी गेंद पर चौका लगाकर उन्होंने अपनी टीम को जीत दिलाकर वही रंग दिखाया। रोमांचक मुकाबले में जीत के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रविंद्र जडेजा ने धोनी को झुककर सलाम किया। जडेजा का यह वीडियो काफी वायरल हो रहा है। इसमें मैच खत्म होने के बाद जडेजा मैदान पर आते हैं और झुककर धोनी का अभिवादन करते हैं। इसके साथ ही अंबाती रायुडू ने भी हाथ जोड़कर धोनी का शुक्रिया अदा किया।

मुंबई की टीम 85 रन पर अपने



पांच विकेट खो चुकी थी। मुंबई की टीम लगातार विकेट खोती रही। कायरन पोलार्ड (14) और डेनियल सेम्स (5) रन बनाकर पविलियन लौटे। लेकिन तिलक वर्मा और जयदेव उनादकत के बीच 16 गेंद पर 35 रन की साझेदारी ने मुंबई के गेंदबाजों को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

जडेजा ने मैच के बाद धोनी की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा, असल में जिस तरह मैच चल रहा था, उसे लेकर हम काफी तनाव में थे लेकिन कहीं न कहीं हमें मालूम था कि महान फिनिशर क्रीज पर मौजूद है और अगर वह आखिरी गेंद तक खेले तो वह जरूर मैच हमारे पक्ष में खत्म करेंगे।

धोनी ने दिखाया कि वह अब भी मैच खत्म कर सकते हैं। अंबाती रायुडू और ड्वेन ब्रावो पर जडेजा ने कहा, हमारे पास काफी अनुभव है तो उन्हें मालूम है कि उन्हें कहां प्रदर्शन करना है और क्या करना है। तो अगर हम मैच नहीं भी जीत पाते हैं तो भी हम शांत और संयमित रहते हैं। धोनी ने आखिरी चार गेंद पर 16 रन बनाकर चेन्नई की टीम को जीत दिलाई। धोनी ने जयदेव उनादकत के ओवर में 6, 4, 2, 4 रन बनाकर चेन्नई के स्कोर को 156 के लक्ष्य तक पहुंचाया। और अपनी टीम को सात विकेट से जीत दिलाई।

# आरेंज कैप की लिस्ट में जोस बटलर का दबदबा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में एक से बढ़कर एक मुकाबले खेले जा रहे हैं। दिल्ली को छोड़कर सभी टीमों ने 6 या इससे अधिक मैच खेल लिए हैं। इस दौरान रनों की बौछार देखने को मिली है। बल्लेबाजों के बीच टाप पर बने रहने की जंग चल रही है। आरेंज कैप की रेस में कई धुरंधर शामिल हैं। राजस्थान के जोस बटलर का बल्ला हल्ला बोल रहा है तो केएल राहुल, हार्दिक पांड्या और शुभमन गिल भी किसी से पीछे नहीं हैं। सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में बटलर लगातार सबको मात देते हुए पहले नंबर पर चल रहे हैं। कोलकाता के खिलाफ मैच में उन्होंने इस सीजन

### आरेंज कैप की रेस में कई धुरंधर हैं शामिल

का दूसरा शतक लगाकर अपने रनों की संख्या को 375 कर लिया है। अब उनके खाते में 6 मैचों में 375 रन हो गए हैं। दूसरे नंबर पर लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने जगह बना लिया। उनके खाते में 7 मैचों में 265 रन हो गए हैं। लखनऊ के खिलाफ 96 रनों की शानदार पारी खेलने वाले फाफ डु प्लेसिस तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उनके खाते में अब 7 मैचों में 250 रन हो गए हैं। चौथे नंबर पर चेन्नई के बल्लेबाज शिवम दुबे ने जगह बना ली है। उनके खाते में 7 मैचों में 239 रन हैं। कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर 5वें नंबर पर खिसक गए हैं। राजस्थान के खिलाफ मैच में उन्होंने 51 गेंद पर 85 रन की पारी खेली थी। अब वे 236 रनों के साथ 5वें नंबर पर हैं।

छठे नंबर पर मुंबई के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा ने जगह बना ली है। चेन्नई के खिलाफ मैच में उन्होंने 43 गेंदों पर 51 रन की पारी खेली थी। 7वें नंबर पर भी मुंबई का कब्जा है। 5 मैचों में 232 रनों के साथ सूर्यकुमार यादव ने इस स्थान पर जगह बना ली है। हार्दिक पांड्या 8वें नंबर पर खिसक गए हैं। उनके खाते में 5 मैचों में 228 रन हैं। उन्होंने राजस्थान के खिलाफ मैच में 87 रन की पारी खेली थी। 9वें और 10वें स्थान में क्रमशरू राबिन उथप्पा और लियाम लिविंग्सटन हैं। उथप्पा के रनों का आंकड़ा 7 मैचों में 227 पहुंच गया है जबकि लिविंग्सटन के खाते में 226 रन हैं और उन्होंने 7 मैचे खेले हैं।

## पृथ्वी शा का फैन निकला दिल्ली का ये विस्फोटक बल्लेबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के ओपनर बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपने साथी खिलाड़ी की प्रशंसा की है। दिल्ली की टीम में जब से उन्होंने वापसी की है लगातार उनके बल्ले से रन निकले हैं। इतना ही नहीं उनके आने का प्रभाव उनके साथी खिलाड़ी पृथ्वी शा पर भी पड़ा है। उनके आने के बाद शा ने भी अच्छी बल्लेबाजी की है। पिछले मैच में भी शा ने 41 रनों की पारी खेली थी। अब उनके साथी खिलाड़ी डेविड वार्नर ने उनकी प्रशंसा की है। उन्होंने कहा मुझे उनके साथ पहले मैच में बल्लेबाजी करके मजा आया। उनके हाथ और नजरें काफी तेज है। उन्होंने मेरे दो रन लेने के इक्वेशन को पूरी तरह से खराब कर दिया क्योंकि वे केवल बाउंड्री में डील कर रहे थे। ये मेरे लिए अच्छा था क्योंकि मुझे ज्यादा रन नहीं लेना पड़ रहा था। इस फॉर्मेट में पाजिटिव माइंडसेट का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स के एक शो के दौरान ये बातें कही। हालांकि वार्नर अकेले नहीं है जो पृथ्वी शा की बल्लेबाजी के फैन है बल्कि इंग्लैंड के पूर्व स्पिन गेंदबाज ग्रेम स्वान ने उनकी बल्लेबाजी की जमकर प्रशंसा की है।

## न्यूज डायरी



### लगातार सातवीं हार के बाद भी निराश रोहित ने की धोनी की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मैच में चेन्नई सुपर किंग्स से मिली तीन विकेट की हार के बाद कहा कि अंत में महेंद्र सिंह धोनी और प्रिटोरियस ने मैच छीन लिया। रोहित ने मैच के बाद कहा, 'हम शुरुआती विकेट गंवाने के बावजूद अच्छा स्कोर बनाने में सफल रहे थे। हमने अच्छी चुनौती पेश की और गेंदबाजों ने हमें मैच में बनाए रखा। लेकिन हम सभी जानते हैं कि शांतचित्त एमएस धोनी क्या कर सकते हैं। अंत में धोनी और प्रिटोरियस ने मैच हमसे छीन लिया। हमने अंत में उन पर दबाव बनाए रखा था।' धोनी (नाबाद 28 रन) ने 'फिनिशर' की अपनी भूमिका शानदार तरीके से निभाते हुए सीएसके को अंतिम गेंद में जीत दिलाई जिससे मुंबई इंडियंस को लगातार सातवीं हार का सामना करना पड़ा। रोहित ने हालांकि कहा, 'टॉप ऑर्डर पर ऊंगली उठाना मुश्किल है। अगर आप दो या तीन विकेट जल्दी गंवा देते हो तो मुश्किल होगी ही।'

### लगातार हार का रिकार्ड बनाने के बावजूद कोच को है भरोसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस, सीजन के 7 मैच खेल चुकी है और अब भी अपने पहले जीत के लिए तरस रही है। लगातार 7 शुरुआती हार झेलने के बावजूद मुंबई के कोच को भरोसा है कि टीम अब भी वापसी करने में सक्षम है। टीम को आखिरी हार चेन्नई के हाथों मिली थी जहां धोनी ने आखिरी ओवर में 17 रन बनाकर अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाई। मैच के बाद मुंबई के कोच ने कहा आपको अपनी क्षमता पहचानने की जरुरत है। ये वो लड़के हैं जिनके पास ढेरों आइपीएल गेम खेलने का अनुभव और उन्हें पता है कि क्या करने की जरुरत है उन्होंने कहा कि टीम वापसी करने में अब भी सक्षम है। उन्होंने इशान और रोहित की बल्लेबाजी पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि शुरुआत में इशान ने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन उसके बाद उनके प्रदर्शन में थोड़ी गिरावट आई। रोहित शर्मा ने 15–20 रनों की अच्छी शुरुआत तो की लेकिन उसे बड़े स्कोर में बदल नहीं सके।

### डेथ ओवर स्पेशलिस्ट के नाम रहा है ये आइपीएल सीजन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में टाप चार टीमों में दो ऐसी टीमें हैं जो पहली बार आइपीएल खेल रही है। इन दोनों के अलावा रायल चौलेंजर्स बैंगलोर और राजस्थान की टीमें टाप चार में शामिल हैं। आरसीबी 10 अंकों के साथ दूसरे जबकि राजस्थान 8 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर है। इन सभी टीमों में एक चीज कामन है। दरअसल सभी टीमों के पास कोई न कोई फिनिशर मौजूद है जो आखिरी चार ओवर में अपनी टीम के लिए मैच जिताऊ पारी खेल रहे हैं। गुजरात की बात करें तो टीम में हार्दिक पांड्या और डेविड मिलर ये जिम्मेदारी निभा रहे हैं। पिछले मैच में मिलर की 94 रनों की पारी के दम पर टीम को जीत मिली थी। उनके अलावा कप्तान हार्दिक पांड्या इस जिम्मेदारी को अच्छे से निभा रहे हैं। आरसीबी में ये जिम्मेदारी इस बार दिनेश कार्तिक के कंधों पर है जिन्होंने अपने प्रदर्शन से टी20 वर्ल्ड कप में अपनी दावेदारी पेश कर दी है।

### सौरभ चौधरी ने नेशनल शूटिंग ट्रायल्स में किया कमाल, जीते तीन गोल्ड मेडल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनिया के पूर्व नंबर एक निशानेबाज उत्तर प्रदेश के सौरभ चौधरी ने यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में पुरुष 50 मीटर पिस्टल राष्ट्रीय चयन ट्रायल में दबदबा बनाते हुए सीनियर और जूनियर वर्ग में तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता। पांचवें दिन पिस्टल स्पर्धाओं के चयन ट्रायल तीन और चार में एशियाई खेलों एवं युवा ओलिंपिक चैंपियन सौरभ ने पुरुष और जूनियर पुरुष 50 मीटर पिस्टल टी चार में स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने पुरुष टी तीन में कांस्य जबकि जूनियर पुरुष टी तीन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। टोक्यो ओलिंपिक के फाइनल में जगह बनाने वाले सौरभ ने टी चार में 60 शॉट की सीरीज में 562 अंक के साथ भारतीय नौसेना के कुणाल राणा को पछाड़ा जिन्होंने 555 अंक जुटाए।